भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4648
उत्तर देने की तारीख : 23.03.2020

पश्चिम बंगाल में नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलना

4648. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पश्चिम बंगाल राज्य के क्षेत्रफल और भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए राज्य में नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो स्थापित किए जाने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है और उन स्थानों के नाम क्या है जहां इनकी स्थापना की जाएगी तथा इन विश्वविद्यालयों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;
(घ) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार की है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ड.) **:** विश्वविद्यालयों की स्थापना एक अनवरत प्रक्रिया है। हाल ही में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में दो केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं और तेलंगाना में एक केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। पश्चिम बंगाल राज्य के शान्ति निकेतन में विश्व भारती एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। वर्तमान में पश्चिम बंगाल में नया केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोले जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा यथा अनुमोदित 12वीं योजना (2012-17) के अनुसार, उच्चतर शिक्षा प्रणाली के समेकन पर बल दिया गया है। नई संस्थाओं की स्थापना के बजाए, विस्तार मुख्य रूप से मौजूदा संस्थाओं की क्षमता बढ़ाकर किया जाना है।

*****